# पौधारोपण कर, बूंद-बूंद पानी बचाकर पर्यावरण संरक्षण करना जरूरी : कुणाल

- **वर्षा जल संरक्षण, परंपरागत जल स्रोतों के पुनरूत्थान तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से चलाए जाने वाले 15 दिवसीय 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' शुरू**

**बीकानेर,** (कासं)। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम गुरूवार को आरएसी की 10वीं बटालियन के परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा सचिव तथा जिला प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल ने कहा कि प्रकृति हमें भोजन, पानी, हवा और जीवन के लिए सभी आवश्यक चीजें देती हैं। दुर्भाग्यवश बदले में हम प्रकृति को लगातार दूषित करते जा रहे हैं। इससे आज हम खतरे में आ गए हैं। इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में प्रदेश भर में 15 दिनों का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान आमजन को जागरूक करने के विभिन्न कार्यक्रम किए जायेंगे।

प्रभारी सचिव ने कहा कि प्रकृति को सुरक्षित करने के लिए छोटी-छोटी पहल किया जाना जरूरी है। हम अधिक से अधिक पौधे लगाकर तथा उनका संरक्षण कर, बूंद-बूंद पानी बचाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने बीकानेर द्वारा गत वर्ष किये गए पौधारोपण कार्यों की सराहना की और कहा कि इस वर्ष भी मिशन मोड पर अधिक से अधिक पौधे लगाये जाएं तथा इनके संरक्षण का संकल्प लिया जाए।

पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश ने कहा कि आज हमारी पृथ्वी प्लास्टिक और प्लास्टिक के उत्पादों से लद गई है। ऐसे में हमारा दायित्व है कि हम प्रकृति के मूल स्वरूप को बनाए रखने में भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर अथवा खुले स्थान पर पौधे लगाने का संकल्प ले, जिससे प्रकृति का संतुलन बना रहे। उन्होंने परंपरागत जल स्रोतों के संरक्षण एवं प्लास्टिक के बहिष्कार का आव्हान भी किया।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सागर, माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी, नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष, बीकानेर विकास प्राधिकरण आयुक्त अपर्णा गुप्ता, बीएसएफ के उप महानिरीक्षक अजय लूथरा, कमांडेंट एन. एम. शर्मा बतौर अतिथि मौजूद रहे। इससे पहले राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी राजकुमार मीणा ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी।

इस अवसर पर भरत रंग मंडल द्वारा भरत राजपुरोहित के नेतृत्व में प्लास्टिक का तांडव नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्लास्टिक के कारण होने वाले नुकसान और बचाव का संदेश दिया। वीणा नृत्य अकादमी द्वारा नमामि गंगे नृत्य की प्रस्तुति दी गई। अतिथियों ने तुलसी के 501 पौधे तथा कपड़ों के थैले एवं 101 हेलमेट वितरण किए। प्रभारी सचिव ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई तथा पौधारोपण किया।

सहायक कलेक्टर पूजा पंचारिया ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन संजय पुरोहित ने किया। इस दौरान प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट, प्रशिक्षु आईएएस स्वाति शर्मा, उपवन संरक्षक एस. शरथ बाबू, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जसवंत सिंह, अतिरिक्त शिक्षा निदेशक गोपाल राम बिड़दा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशानुसार वर्षा जल संरक्षण, परंपरागत जल स्रोतों के पुनरूत्थान तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से चलाए जाने वाले 15 दिवसीय 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' की गुरूवार को शुरूआत हुई।

शिक्षा सचिव तथा प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल की मौजूदगी में स्वरूपदेसर गांव में आयोजित शुभारंभ समारोह के दौरान ग्रामीणों ने कलश यात्रा निकाली। पीपल पूजन किया। पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। योग के माध्यम से आरोग्यता का संदेश दिया गया और पौधारोपण करते हुए इनकी देखभाल का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने प्रभात रैली निकालकर आमजन को जागरूक होने का संदेश दिया।

प्रभारी सचिव ने अमृत सरोवर का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार का प्रयास है कि मरूस्थलीय क्षेत्रों में बरसाती जल का अधिक से अधिक संरक्षण तथा इसका सदुपयोग हो इसके मध्यनजर यह अभियान प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि अभियान में प्रत्येक नागरिक अपनी भूमिका निभाए और जल संरक्षण के साथ पर्यावरण को बचाने की दिशा में भी कार्य करें। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारी पंद्रह दिवसीय अभियान का सफल आयोजन सुनिश्चित करें।

उच्च स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा की जायेगी। इससे पहले प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने ग्रामीणों से जल संरक्षण के संबंध में संवाद भी किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता धीर सिंह गोदारा, विकास अधिकारी साजिया तबस्सुम, सरपंच उदाराम मेघवाल सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाओं व ग्रामीणों ने भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का संचालन जिला परिषद के आईईसी कॉर्डिनेटर गोपाल जोशी ने किया।

**पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में गुरूवार को पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर कुलगुरु डॉ अरूण कुमार, रजिस्ट्रार डॉ देवाराम सैनी, वित्त नियंत्रक पवन कस्वां सहित अन्य विभागों के अधिष्ठाता, अन्य स्टाफ और विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ अरूण कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हर व्यक्ति को अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी।

जलवायु परिवर्तन के संकेत मानव को पर्यावरण संरक्षण के प्रति अतिरिक्त सजग होने की चेतावनी दे रहे हैं । बदलती जलवायुवीय परिस्थितियां चिंतनीय व चुनौतीपूर्ण हैं। प्रदूषण का स्तर दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है ऐसे में हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग ना करें। रजिस्ट्रार डॉ देवाराम सैनी ने वृक्ष लगाते विद्यार्थियों की पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी की सराहना की और कहा कि इस कार्य को आंदोलन के रूप में करें। हर व्यक्ति इस यज्ञ में भागीदारी निभाएं।

वित्त नियंत्रक पवन कस्वां ने कहा कि वृक्ष लगाएं और उसकी देखभाल करने का जिम्मा लें, तभी पर्यावरण दिवस की सार्थकता सिद्ध हो सकेगी। इस अवसर पर भूसदृश्यता एवं राजस्व सृजन निदेशालय के निदेशक डॉ दाताराम, निदेशक अनुसंधान डॉ विजय प्रकाश, प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ नीना सरीन, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ पी. के. यादव, छात्र कल्याण निदेशक डॉ एन एस दहिया, डॉ एच. एल. देशवाल आदि मौजूद थे।

## बच्ची से रेप के आरोपी को 20 साल की सजा

**बीकानेर,** (कासं)। पांच साल की बच्ची से रेप करने के आरोपी को 20 साल की सजा सुनाई गई है। दो साल पुराने इस मामले में पॉक्सो कोर्ट ने अब फैसला सुनाया है। आरोपी के खिलाफ मुक्ता प्रसाद नगर पुलिस के थानाधिकारी धीरेन्द्र सिंह शेखावत ने चालान पेश किया था।

मामले के अनुसार बीकानेर में रहने वाले परिजन घर से बाहर गए हुए थे। वापस लौटे तो बच्ची घर पर नहीं थी। बच्ची की तलाश करने पर पड़ौसी के घर बदहवास हालत में मिली। बच्ची की मां भागकर उसके घर गई और बेटी को उठाकर लेकर आई। मामले में तत्कालीन एसपी तेजस्विनी गौतम ने जांच नोखा के सीओ हिमांशु शर्मा को सौंपी थी। थानाधिकारी धीरेन्द्र सिंह शेखावत को मामले में केस ऑफिसर बनाया गया था। महज 48 घंटे में मुक्ता प्रसाद नगर पुलिस ने चालान पेश कर दिया। तत्कालीन एसपी तेजस्विनी गौतम लगातार इस मामले में रिपोर्ट लेती रही।

पॉक्सो कोर्ट में चल रहे इस मामले में आरोपी को दोषी माना गया। सभी साक्ष्य उसके खिलाफ थे। पीड़ित पक्ष ने गवाह भी पेश किए। पीड़िता के परिजनों और पड़ौसियों के भी बयान दिए। अब पीड़ित पर सजा के साथ ही आर्थिक दंड भी लगाया गया है। पॉक्सो कोर्ट में इस मामले में पीड़िता की ओर से एडवोकेट वसीम मकसूद ने पैरवी की। राज्य की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक पॉक्सो चतुर्भुज सारस्वत ने पैरवी की। आरोपी को अलग-अलग धाराओं में सजा सुनाई गई, जिसमें बच्ची के साथ रेप और पॉक्सो एक्ट में 20-20 साल की सजा सुनाई गई है।

## सार-समाचार

### टेस्टिंग में फेल, करमीसर पंपिंग स्टेशन दुबारा बनाने के निर्देश

**बीकानेर,** (कासं)। स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव ने बीकानेर दौरे के दौरान अमृत 2.0 योजना के तहत हो रहे कार्यों की खराब गुणवत्ता और धीमी गति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने करमीसर सीवरेज पंपिंग स्टेशन के सीसीए ब्लॉक के सैंपल टेस्टिंग में फेल होने पर पंपिंग स्टेशन को तोड़कर दोबारा बनाने के निर्देश दिए। यादव ने स्पष्ट किया कि अमृत 2.0 के तहत जो कार्य संभव नहीं हैं, उन्हें ड्रॉप कर दिया जाए लेकिन गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता स्वीकार नहीं किया जायेगा। उन्होंने खराब काम करने वाली फर्मों पर पेनल्टी लगाने और बिलों में कटौती करने के आदेश दिए। बीकानेर जिले में अमृत 2.0 के तहत 250 करोड़ रुपये के कार्य 31 दिसम्बर 2025 तक पूर्ण करने हैं, लेकिन अब तक मात्र 100 करोड़ रूपये के कार्य ही हो पाए हैं। प्रमुख सचिव ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना 1.0 और 2.0 की भी समीक्षा की और इनके लक्ष्यों को भी निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में बीकानेर के साथ-साथ देशनोक, नोखा, श्रीडूंगरगढ़, चूरू और नागौर जिलों में चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान रूडसिको के कार्यकारी निदेशक पीयूष सामरिया, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष सहित विभिन्न अधिकारी और फर्म प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### गोदारा करेंगे शिलान्यास व लोकार्पण

**बीकानेर,** (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा शुक्रवार को लूणकरनसर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। वे यहां विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। गोदारा प्रातः 11 बजे कल्याणसर में 35 लाख रूपए की लागत से नवीन ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण करेंगे। दोपहर 12:30 बजे नापासर में हॉस्पिटल चौराहे से सींथल रोड़ तथा एसबीआई बैंक चौराहे से रामसर 1.50 कि.मी कुल 40 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 2 बजे रामसर में 55 लाख रूपए की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं 1 करोड़ 5 लाख रूपए की लागत से बनने वाले रामसर से मूण्डसर सड़क का शिलान्यास करेंगे। गोदारा सायं 5 बजे मूण्डसर में निर्मित ट्यूबवैल का लोकार्पण करेंगे।

**कार्यालय संजय वर्मा एडवोकेट, चैम्बर नं. डी-2 कोर्ट कैम्पस, श्रीगंगानगर**

**सार्वजनिक सूचना** दिनांक : 6.6.2025

मेरे कक्षीकार गण रजत गुप्ता पुत्र श्री अरूण कुमार गुप्ता व श्री पुनित गुप्ता पुत्र श्री अशोक कुमार गुप्ता निवासीगण 69 बी ब्लॉक, श्रीगंगानगर के निर्देशानुसार यह सूचना प्रकाशित की जाकर सभी संबधित व्यक्तियों / कम्पनी को सूचित किया जाता है कि मेरे कक्षीकार गण की अपनी स्वामित्व की सम्पति दुकान नम्बर 5 जिसका साईज 13 गुणा 61 वाके मुरब्बा नम्बर 36 व 37 के किला नम्बर 21 जो चक 3 ई छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर, जो अब नेशनल हाईवे नम्बर 15 नया 62 है, में स्थित है, के सम्बन्ध में दिनांक 05.05.2008 को श्री राकेश कुमार सिंघल पुत्र श्री प्यारे लाल सिंघल, निवासी मकान नम्बर 46 राणाप्रताप कॉलोनी, श्रीगंगानगर को मुखत्यारआम निस्पादित किया था, उस मुखत्यारआम दस्तावेज को मेरे कक्षीकारगण की और से नोटिस दिनांक 27.05.2025 के माध्यम से विधिवत रूप से निरस्त कर दिया है। अब उपरोक्त श्री राकेश कुमार सिंघल को मेरी कक्षीकार की उपर वर्णित सम्पति के सम्बन्ध में लेनदेन या प्रतिनिधित्व करने का कोई अधिकार नहीं है। भविष्य में नेशनल इंश्योरेंश कम्पनी श्रीगंगानगर दिनांक 21.11.2017 के लीजडीड के आधार पर श्री राकेश कुमार सिंघल को कोई किराया देती है या कोई व्यवहार करती है तो वह अपने जोखिम पर करेगी। मुखत्यार आम दस्तावेज दिनांक 27.05.2025 से निरस्त के पश्चात राकेश कुमार द्वारा की जाने वाली समस्त कार्यवाही अवैध समझी जावेगी, जिसके सम्बन्ध में मेरे कक्षीकार का कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। **-सूचना जारीकर्ता, संजय वर्मा एडवोकेट**

# पीबीएम के 11 ऑक्सीजन संयंत्रों का रखरखाव अब निजी कंपनी

- **अस्पतालों में अधिकांश प्लांट मेंटिनेंस के अभाव में बंद पड़े हैं**

**बीकानेर,**(कासं)। कोरोना के लौटने के साथ ही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों में लगाये गए ऑक्सीजन प्लांटों की याद आ गई है। उनकी मेंटिनेंस का काम भी अब प्राइवेट हाथों में देने की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में सभी मेडिकल कॉलेजों से प्रस्ताव मांगे गए हैं।

प्रदेश के बीकानेर सहित जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, अजमेर, कोटा, आरयूएचएस, भरतपुर, झालावाड़, चूरू, सीकर, बाड़मेर, भीलवाड़ा, पाली और डूंगरपुर के मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों में स्थापित ऑक्सीजन के पीएसए प्लांट की मरम्मत और रखरखाव का काम अब संविदा पर होगा। दरअसल राज्य के जिला, उप जिला, सैटेलाइट, सीएचसी पर स्थापित ऑक्सीजन प्लांट की मरम्मत और रखरखाव के लिए आरएमएससीएल ने जीकेएस कंपनी से अनुबंध कर रखा है। मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों को अब तक इसमें शामिल नहीं किया गया था। इन अस्पतालों में अधिकांश प्लांट मेंटिनेंस के अभाव में बंद पड़े हैं। प्रदेश में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए अब विभाग ने उनकी मेंटिनेंस और रखरखाव का काम भी जीकेएस कंपनी को देने का फैसला किया है।

इस संबंध में चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त इकबाल खान ने सभी मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्यों से प्रस्ताव मांगें हैं। खास बात ये है कि इसका भुगतान चिकित्सा संस्थान अपने स्तर पर करेंगे। कोरोनाकाल में एमसीएच बिल्डिंग के पीछे लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया था। इसी प्लांट से एमसीएच में भर्ती कोरोना के मरीजों को ऑक्सीजन की डायरेक्ट सप्लाई दी गई थी।

इस प्लांट का लाइसेंस ही दो साल से एक्सपायर पड़ा है। लाइसेंस रिन्यू के लिए पीबीएम अधीक्षक ने कंपनी को लिखा है। वर्तमान में केवल जे वार्ड का प्लांट ही चलाया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर दो-तीन प्लांट शुरू करने की स्थिति में है। बाकी में तकनीकी खामियां बताई जा रही हैं। सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में दो में से एक प्लांट कंपनी ने दो साल से हैंडओवर नहीं किया है। दूसरा प्लांट खराब हो गया है। इसी प्रकार हल्दीराम मूलचंद हार्ट हॉस्पिटल में स्थित ऑक्सीजन प्लांट भी तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गया है।

## आडसर पशु चिकित्सा उपकेन्द्र क्रमोन्नत

**बीकानेर,** (कासं)। बजट घोषणा 2025-26 की अनुपालना में जिले के आडसर पशु चिकित्सा उप केन्द्र को पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत किए जाने एवं इसके संचालन के लिए नवीन पदों के सृजन की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है।

कलेक्टर ने बताया कि जिले के आडसर के पशु चिकित्सालय में एक-एक पशु चिकित्सा अधिकारी एवं पशुधन परिचर के नवीन पद स्वीकृत किए गए हैं। इन उप केन्द्रों पर उपकरणों और फर्नीचर आदि के लिए 30-30 हजार रूपए की स्वीकृति भी जारी की गई है। उन्होंने बताया कि राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में नेत्र चिकित्सा स्पेशियलिटी सेंटर की स्थापना करने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। केन्द्र के संचालन के लिए दो असिस्टेंट प्रोफेसर एवं दो टैक्नीकल असिस्टेंट के नवीन पदों का सृजन किया गया है।

## जमीन विवाद में तीन महिलाएं घायल

**हनुमानगढ़,**(कासं)। यहां 28 लोग कृषि भूमि पर कब्जा करने को लेकर हथियारों से लैस होकर खेत में घुस गए। बदमाशों ने खेत में फसल काश्त कर रहे परिवार पर हमला कर दिया। मारपीट में तीन महिलाओं को चोट लगी है। बदमाशों ने तलवारों, लाठियों गंडासों और कसौली से उन पर हमला कर दिया।

हमलावरों ने बाइक क्षतिग्रस्त कर दी और रुपए से भरा पर्स छीन लिया। इस मामले में सदर पुलिस थाना में 28 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है।

मारपीट में उसके पैर, हाथों शरीर के अन्य हिस्सों पर चोटें लगी। इससे वह मौके पर ही बेहोश हो गई। उसकी पुत्रवधू अमनदीप के सिर पर तलवार से चोटें लगी और नसीब कौर के बाजू पर तलवार से चोट लगी। अन्य परिजन भी मारपीट में घायल हो गए। उन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती करवाया गया।

**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक :- नियमन/ 2025/ 4046 दिनांक : 05/06/2025

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री साहब राम पुत्र श्री ठाकर राम निवासी वार्ड नं. 9, चक 10 केजेडी, नोसेरा, खाजूवाला, बीकानेर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकॉर्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 4 एमएल मुरब्बा नं. 26 के किला नं. 06 में माप 30 इन्टू 60 फीट भूखण्ड संख्या 1054 एच.ए. हौमलेण्ड सिटी श्रीगंगानगर | पट्टा संख्या 9079 दिनांक 29.10.2018 को श्रीमती सुदर्शना पाहवा पत्नी श्री रामस्वरूप पाहवा के नाम से नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा जारी किया हुआ है। | श्री साहब राम द्वारा पंजीकृत बैयनामा दिनांक 09.05.2025 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्री साहब राम पुत्र श्री ठाकर राम निवासी वार्ड नं. 9, चक 10 केजेडी, नोसेरा, खाजूवाला, बीकानेर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज एवं पंजीकृत वसीयतनामा के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/ उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/ हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/ उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या:- SGNR/FY25-26/MUT/180 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

## एस.पी.ने किया थानों का निरीक्षण

**हनुमानगढ़,** (कासं)। पुलिस अधीक्षक हरिशंकर ने गुरूवार को जिले के पल्लू, खुईया, नोहर और रावतसर थानों का निरीक्षण किया। एसपी सबसे पहले थाने पहुंचे जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने थाना स्टाफ से मुलाकात की और बीट एरिया में होने वाले अपराधों की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने साफ कहा कि जुआ-सट्टा और मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर सख्त कार्रवाई करें। साथ ही थानों में पेंडिंग मामलों की संख्या कम करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मालखाना, हवालात और मैस की व्यवस्थाओं को भी जांचा। खुईया थाने की निर्माणाधीन बिल्डिंग का भी जायजा लिया।

# ओवरलोड ट्रेलर ने रेलवे क्रासिंग के गेट को तोड़ा

- **बस को बचाने के चक्कर में ट्रेलर ने रेलवे क्रॉसिंग के गेट को टक्कर मारी**

**बीकानेर,** (कासं)। नापासर क्षेत्र में स्थित रेलवे फाटक पर एक पराली से भरे ओवरलोड ट्रेलर ने रेलवे क्रासिंग के गेट को तोड़ दिया।

इतना ही नहीं ये गेट गिरकर सड़क पर आ गया। गनीमत रही कि इस वक्त मौके पर कोई नहीं था। रेलवे क्रासिंग खुला था और वाहनों की आवाजाही चल रही थी। इसके बाद भी कोई गेट की चपेट में नहीं आया। ट्रेलर अत्यधिक भार होने के कारण रेलवे फाटक से गुजर रहा था। इस दौरान सामने बस आ गई। बस को बचाने के चक्कर में रेलवे क्रासिंग के गेट को टक्कर मार दी। ट्रेलर पराली से भरा हुआ था। गेट पराली में फंसकर टूट गया और नीचे गिर गया। इस वक्त कुछ वाहन भी यहां से गुजर रहे थे लेकिन सभी बाल बाल बच गए। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस आर पी एफ विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। ट्रेलर को रेलवे स्टेशन पर खड़ा किया गया। समाचार लिखे जाने तक इस एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी। बाद में आरपीएफ ने इस मामले में छानबीन शुरू की है। ट्रेलर चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने और रेलवे की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया जा रहा है।

## किसानों ने की नहर की सफाई

**अनूपगढ़,** (कासं)। अनूपगढ़ क्षेत्र में दो दिन पहले आई तेज हवा, ओलावृष्टि और बरसात ने किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। तेज हवा से टूटे पेड़ नहरों में गिर गए। इससे नहरों में पानी का प्रवाह रूक रहा था।

गुरुवार को 6 गांवों के 100 से अधिक किसानों ने पहल की। उन्होंने 34 हेड से 19 ए मोघे तक अनूपगढ़ शाखा की नहर से टूटे पेड़ों को बाहर निकाला। किसानों का कहना है कि समय पर सफाई नहीं होने से नहर टूटने का खतरा था। गांव 22 ए के किसान जीत सिंह ने बताया कि सिंचाई विभाग शाम तक नहरों में पानी छोड़ने वाला है। उन्होंने कहा कि नहरी अध्यक्षों को कई बार सूचना दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। नहर में पानी रूकने से किसानों को समय पर सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पाता।




# अलख पंथ के प्रणेता उदयगिरी महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

- **समाधि के 148 साल बाद सिद्धासन में विराजे बाबोजी के दर्शन के लिए लगा श्रद्धालुओं का तांता**

**बीकानेर/जयपुर,**(कासं)। धर्मनगरी बीकानेर के जाने-माने अध्यात्वेत्ता, सिद्धयोगी और युगदृष्टा श्री श्री 1008 श्री उदय गिरी महाराज (बाबोजी) की सफेद संगमरमर से बनी सजीव और चित्ताकर्षक मूर्ति की गुरूवार को गंगा दशहरे के उपलक्ष में नत्थूसर गेट के बार स्थित उनके समाधिस्थल पर श्री चंचल हर्ष सेठ रतनलाल हर्ष परिवार की ओर से प्राण प्रतिष्ठा कराई गई।

परिवार की ओर से बाबोजी के समाधिस्थ होने के 148 वर्षों बाद पहली बार उनकी मूर्ति का निर्माण कराया गया है, जिसकी विधिवत स्थापना वैदिक रीति और परम्पराओं का निर्वहन करते हुए पावन मंत्रोच्चारण के साथ हुई। सुप्रतिष्ठोभव एवं देवो भूत्वा देवं यजेत सरीखी पावन वेद ध्वनियों की गूंज के बीच चंद्रेश हर्ष और उनकी धर्मपत्नी रजनी हर्ष ने प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की पूजा कराते हुए बाबोजी से देश और समाज की प्रगति और खुशहाली की कामना की।

आयोजन समिति के सह संयोजक नूतन कुमार हर्ष ने बताया कि सात फीट ऊंची संगमरमर की स्वर्णिम गुम्बद वाली बंगली में सिद्धासन में विराजे बाबोजी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होते ही श्रद्धालुओं के दिलों में आनंद, उल्लास और अपने आराध्य के प्रति श्रद्धा का समंदर उमड़ पड़ा। सभी ने समवेत स्वरों में जय अलख, जय श्री गुरु अलख और ॐ अलख के पावन उद्घोष से उदयगिरी महाराज के प्रति अपने मन में बसे भावों का खुशी और प्रेम के साथ इजहार किया।

दिनभर बना रहा भक्तिमय माहौल आयोजन समिति के सदस्य श्री विकास हर्ष ने बताया कि गुरुवार को दिवस पर्यंत समाधि स्थल पर आने वाले बाबोजी के भक्तों ने शिव पंचाक्षर स्त्रोत, रूद्राष्टकम, महामृत्युंज्य मंत्र और शिव भजनों से सरोबार माहौल में बाबोजी की नव स्थापित प्रतिमा का उत्सव मनाया और जलाभिषेक करते हुए अपनी भावांजलि अर्पित की। प्रतिष्ठा महोत्सव में पंडित विजय कुमार ओझा मुन्ना महाराज, बसंत महाराज, जूनी महाराज और गोकुल महाराज के सानिध्य में उदयगिरी महाराज की नूतन प्रतिमा का शुभ मुहूर्त में पंचामृत, दिव्य औषधियों और जड़ी बूटियों के भव्य अभिषेक किया गया।

संत समागम में हुआ साधु-महात्माओं का सम्मान प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में विशेष रूप से आमंत्रित अलख मत और अन्य पंथों के साधु संतों का अभिनंदन सम्मान किया गया। उपस्थित लोगों ने समागम में संतों की सेवा सुश्रूषा करते हुए उनका आशीर्वाद लिया। शाम को समाधिस्थल पर उदय गिरी महाराज की नव स्थापित प्रतिमा के समक्ष भव्य महाआरती के बाद महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

इन आयोजनों में संत-समाज, साधु-महात्मा, जनप्रतिनिधिगण, समाज के प्रबुद्धजन, धर्म और अध्यात्म के प्रेमी,समाज की विभिन्न जातियों से उदयगिरी जी महाराज के भक्त और श्रद्धालुगण सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने अपूर्व उत्साह के साथ भाग लिया। उदयगिरी महाराज करीब डेढ़ सदी पूर्व समाधिस्थ हुए थे।